कोरोना स्क्रीनिंग में नर्सिंग स्टूडेंट्स का सहयोग

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
P.6-7-3-2020.docx (http://103.203.138.54/news/195021/document/P.6-7-3-2020.docx)

DESCRIPTION

कोरोना स्क्रीनिंग में नर्सिंग स्टूडेंट्स का सहयोग

जयपुर, 7 मार्च। प्रदेश में कोरोना की रोकथाम के लिए सार्वजनिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, शिक्षण व अन्य संस्थानों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही स्क्रीनिंग में 6 हजार से अधिक नर्सिंग स्टूडेंट्स भी सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री रोहित कुमार सिंह के निर्देशानुसार राजस्थान नर्सिंग काउन्सिल इस कार्य में समन्वय स्थापित कर रही है। इन नर्सिंग स्टूडेंटस को कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी है एवं आवश्यक प्रचार सामग्री भी उपलब्ध करवायी गयी है।

राजस्थान नर्सिंग काउन्सिल के रजिस्ट्रार श्री महेश शर्मा ने बताया कि नर्सिंग स्टूडेंट्स प्रदेश के सभी जिलों में स्क्रीनिंग कार्य में सहयोग कर रहे हैं। स्क्रीनिंग के साथ ही निर्धारित प्रपत्र में सर्वेक्षण भी किया जा रहा है साथ ही कोरोना वायरस के बारे में आमजन को जानकारी भी दी जा रही है।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **18/4/2020**